डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow.

पत्रांक :– 169 /DSW/DSMNRU/2023–24,                दिनांकः– 13 सितम्बर, 2023

# //सूचना//

कृपया कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, लखनऊ के पत्र संख्या–911/निर्वाचन–4–430/2023, दिनांक 02 सितम्बर, 2023 के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियो में महाविद्यालयों/कालेजों में पजीकृत सभी छात्र/छात्राओं का निर्वाचक नामावली में शत–प्रतिशत नये मतदाताओं का पंजीकरण कराये जाने एवं जिन छात्र/छात्रओं का पूर्व में निर्वाचक नामावली में पंजीकरण हो चुका का EPIC Number भी उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के संदर्भ में विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत पंजीकृत समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है जिन छात्र/छात्रओं का मतदाता फोटो पहचान पत्र बन चुका है वे छात्र/छात्रायें अपना मतदाता पहचान पत्र EPIC Number तथा जिन नये छात्र/छात्रओं को विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नियमावली में अपना नाम दर्ज करवाना है तो ऐसे छात्र/छात्रायें वेबसाइट Voters.eci.gov.in पर फार्म–6 डाउनलोड कर तथा उसे ऑनलाइन भरकर Reference Number पत्र में उल्लिखित प्रारूप पर भरकर अपने–अपने विभाग के कार्यालय में दिनांक 25 सितम्बर, 2023 के समय 3:00 बजे तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

| क्रमांक | छात्र/छात्रा का नाम | कक्षा | यदि मतदाता फोटो पहचान पत्र उपलब्ध है EPIC Number | यदि EPIC उपलब्ध नही तो ECI के वेबसाइट Voters.eci.gov.in पर फार्म–6 भरवाकर फार्म का Reference Number। |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |

भवदीय

(डॉ0 आशुतोष पाण्डेय)
अधिष्ठाता, छात्र–कल्याण

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. वैयक्तिक सहायक कुलपति, मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष को इस अनुरोध के साथ कि उक्त के सम्बन्ध में अपने–अपने विभाग में पंजीकृत समस्त छात्र–छात्राओं को निर्देशित करने का कष्ट करें तथा छात्र/छात्राओं द्वारा सम्बन्धित प्रारूप पर उपलब्ध कराये गये Reference Number एवं EPIC Number कार्यालय, अधिष्ठाता, छात्र–कल्याण को दिनांक 27 सितम्बर, 2023 तक प्रत्येक दशा में अपने कार्यालय के माध्यम से प्राप्त कराये जाने का कष्ट करें।
3. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
4. उप कुलसचिव, विश्वविद्यालय
5. सिस्टम एनालिस्ट, विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(डॉ0 आशुतोष पाण्डेय)
अधिष्ठाता, छात्र–कल्याण